# मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
## 26-अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/प्रांगण/विविध/46/99/किसान सत्र/e-1032749/ 19 भोपाल, दिनांक-09/01/2026

प्रति,

1- संयुक्त संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय.......(समस्त)

2. भारसाधक अधिकारी/सचिव
कृषि उपज मंडी समिति........(समस्त)
जिला.....(समस्त)

विषय:- माननीय मुख्यमंत्रीजी के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 11/01/2026 को आयोजित कृषि वर्ष कार्यक्रम के संबंध में जानकारी।

संदर्भ- सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक दिनांक 06/01/2026 में प्राप्त निर्देश।

विषयान्तर्गत संदर्भित समीक्षा बैठक में प्राप्त निर्देश अनुसार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने के अनुक्रम में माननीय मुख्यमंत्रीजी के मुख्य आतिथ्य में दिनांक 11/01/2026 को कोकता बायपास एवं जम्बूरी मैदान, भेल भोपाल में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

आयोजित कार्यक्रमों का सीधा सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर/एल.सी.डी. स्क्रीन के माध्यम से मंडी प्रांगण में कराते हुए उक्त कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, को आमंत्रित कर अधिकाधिक कृषकों, व्यापारियों एवं हम्माल/तुलावटी भाइयों तथा अन्य मण्डी कृत्यकारियों न्यूनतम 500 की उपस्थिति सुनिश्चित की जाकर कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों एवं सहभागियों की मंडीवार जानकारी एवं कार्यक्रम के फोटोग्राफ्स (प्रति मंडी 02 फोटोग्राफ) समान दिवस में आंचलिक कार्यालय स्तर पर संकलित कर रिपोर्टिंग किये जाने की कार्यवाही करते हुए एकजाई पीडीएफ जानकारी कार्यक्रम समाप्ति उपरांत बोर्ड मुख्यालय प्रेषित की जाए।

उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर से समन्वय कर, करवाया जाना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में जुडने हेतु वीडियों कान्फ्रेंस की लिंक एवं समय व्हाटसएप पर पृथक से शेयर की जावेगी।

**अपर प्रबंध संचालक**
**म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**भोपाल**

क्रमांक/प्रांगण/विविध/46/99/किसान सत्र/e-1032749/ 20 भोपाल, दिनांक 9/01/2026

**प्रतिलिपि:** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित।

1. निज सहायक, सचिव, म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल।
2. संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, संचालनालय, भोपाल।
3. निज सहायक, प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।
4. संयुक्त संचालक(समन्वय)/प्रोग्रामर/आई.टी. सलाहकार म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर प्रबंध संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल